भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2698
(09 जुलाई, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए)

मनरेगा का पुनरुद्धार

2698. श्री के. नवासखनीः

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या योजना के अंतर्गत अधिक कार्यों को शामिल करने हेतु महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का पुनरुद्धार करने का विचार है ताकि कृषि कार्य प्रभावित नहीं हो; और
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
ग्रामीण विकास मंत्री
(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) और (ख): जी, नहीं। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 (मनरेगा) की अनुसूची-I में यह सुनिश्चित करने की व्यवस्था है कि जिलों में शुरू किए जाने वाले कम से कम 60% कार्य कृषि एवं कृषि संबंधी कार्यकलापों से सीधे जुड़ी उत्पादक संपत्तियों के सृजन के लिए होंगे। मनरेगा के अंतर्गत 260 कार्यों की अनुमति है। इनमें से 164 कार्य कृषि एवं कृषि संबंधी कार्यकलापों से संबंधित हैं।

*****